Ref. No. 1209/अ० क०म०/2023 14312 दिनांक 8/9/2023

# आवश्यक–सूचना

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 सितंबर, 2023 को महाविद्यालय स्तर पर कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने की इच्छुक छात्राएँ, हिन्दी विभाग की प्रवक्ताओं श्रीमती ममता और सुश्री अमिता को 11 सितंबर, 2023 तक अपने नाम लिखवा दें। **स्वरचित कविता (Self Composed) के लिए अलग से पुरस्कार दिया जायेगा।**

हिन्दी विभाग
Mamta
Amita

Aarti
डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्राचार्या
Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

हिन्दी

# आर्य कन्या महाविद्यालय में किया गया हिंदी दिवस का आयोजन

*शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। (आजाद)*

शाहाबाद मारकंडा, 15 सितम्बर (पूर्ण) : आर्य कन्या महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका भौतिकी विज्ञान विभागाध्यक्षा संजुल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी भाषा का सम्मान करने का संदेश दिया। डॉ0 कुलदीप राज, एडिशनल एस. एम. ओ. सिविल अस्पताल, शाहाबाद विशिष्ट अतिथि थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की दोनों प्रतियोगिताओं में 30 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल की भूमिका लै. डॉ. ज्योति शर्मा व शिवानी शर्मा ने निभाई।

मंच संचालन ममता व अमिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सोनिया मलिक, रजनी, रोजी, दीपा, तन्वी एवं महाविद्यालय की लगभग 100 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

डॉ. भारती शर्मा हिन्दी विभागाध्यक्षा ने सभी का धन्यवाद किया। हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेनू (बी. ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान रजनी (बी. ए. तृतीय वर्ष), तृतीय स्थान मन्नत (बी. ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका (बी. कॉम. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान रेशमा (एम0 ए0 हिन्दी द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान साहिबा (बी. ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। स्वरचित प्रतियोगिता के विशेष पुरस्कार के अन्तर्गत प्रथम स्थान वंशिका (बी. ए. तृतीय वर्ष) एवं द्वितीय स्थान मान्या (बी. ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया।

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)
Estd. 1968

Ref. No. 801/A.K.M./2023/14429 Date 14/09/2023

# जन–जन के कल्याण की भाषा हिन्दी

दिनांक 14 सितंबर, 2023 को आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा के प्रांगण में हिन्दी दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर 'हिन्दी कविता पाठ' एवं 'भाषण' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका भौतिकी विज्ञान विभागाध्यक्षा श्रीमती संजुल गुप्ता ने दीप–प्रज्ज्वलन के साथ किया। श्रीमती संजुल गुप्ता ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी भाषा का सम्मान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ० कुलदीप राज, एडिशनल एस० एम० ओ०, सिविल अस्पताल, शाहाबाद (मा०) उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार से विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर वे अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकती हैं। कार्यक्रम की दोनों प्रतियोगिताओं में 30 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल की भूमिका लै० डॉ० ज्योति शर्मा (संस्कृत विभागाध्यक्षा) व सुश्री शिवानी शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने निभाई। मंच संचालन श्रीमती ममता व सुश्री अमिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ० सोनिया मलिक, सुश्री रजनी, श्रीमती रोजी, सुश्री दीपा, सुश्री तन्वी एवं महाविद्यालय की लगभग 100 छात्राएँ उपस्थित रहीं। प्रतिभागी छात्राओं ने अपनी कविता एवं भाषण के माध्यम से हिन्दी भाषा के महत्त्व को दर्शाते हुए विश्व स्तर पर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हिन्दी भाषा का गुणगान किया। डॉ० भारती शर्मा, हिन्दी विभागाध्यक्षा द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। 'हिन्दी कविता पाठ' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेनू (बी० ए० द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान रजनी (बी० ए० तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान मन्नत (बी० ए० प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। 'भाषण प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान वंशिका (बी० कॉम० प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान रेशमा (एम० ए० हिन्दी द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान साहिबा (बी० ए० प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। स्वरचित प्रतियोगिता के विशेष पुरस्कार के अन्तर्गत प्रथम स्थान वंशिका (बी० ए० तृतीय वर्ष) एवं द्वितीय स्थान मान्या (बी० ए० प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया।

Aarti

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्राचार्या

Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

Ph. : 01744- 240721, 240172, Mob. + 91 81686-64021 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.edu.in